नवभारत

नोटबंदी का फैसला 'आर्थिक हत्याकांड'

मुंबई. ठाकरे गुट के प्रवक्ता संजय राऊत ने कहा है कि नोटबंदी का फैसला आर्थिक हत्याकांड की तरह था. उन्होंने यह प्रतिक्रिया इस बारे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दी है, जिसमें इस निर्णय को वैध ठहराया गया है. राऊत ने कहा कि नोटबंदी की वजह से सैकड़ों लोगों की मौत हुई थी. कई छोटे-मोटे उद्योग-धंधे बंद हो जाने के बाद काफी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए. आखिर इसका जिम्मेदार कौन है. राऊत ने कहा कि जब पीएम नरेंद्र मोदी ने अचानक 8 नवंबर 2016 की रात से एक हजार और 500 रुपए के नोट वापस लेने का फैसला किया था. उस समय प्रधानमंत्री ने इस फैसले के पीछे कई कारण बताए थे. उनके मुताबिक नोटबंदी से काले धन पर अंकुश लगाने के अलावा टेरर फंडिंग को रोकने में मदद मिलेगी, लेकिन इसकी जगह अब नकली नोटों की तादाद बढ़ गई है. वहीं कश्मीर समेत देश में आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है. शिवसेना प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी को इन सवालों का जवाब देना चाहिए.

संजय राऊत का हमला

यूपी फिल्म सिटी के लिए जताया उत्साह

CM योगी से मिले अक्षय

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने भेंट की. दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी के साथ होटल ताज में हुई इस मुलाकात के दौरान अक्षय कुमार ने उत्तर प्रदेश की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिटी परियोजना को लेकर अपना उत्साह जताया. वहीं अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'रामसेतु' की चर्चा करते हुए इसे देखने का आग्रह भी किया. करीब 35 मिनट चली इस मुलाकात के दौरान अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि यूपी की फिल्म सिटी को लेकर भारतीय सिनेमा जगत में काफी उत्साह है. कई बड़े प्रोडक्शन हाउस, निर्माता, निर्देशक और अभिनेता यूपी की फिल्म सिटी की प्रतीक्षा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय फिल्म एंड इंफोटेनमेंट सिटी का विकास सिनेमा जगत को एक नया विकल्प मुहैया कराएगा. अक्षय ने मुख्यमंत्री योगी से अपनी हालिया रिलीज फिल्म रामसेतु की पटकथा तैयार करने से पहले हुए शोध, तैयारियों, रामसेतु की वैज्ञानिकता आदि के संबंध में भी चर्चा की और आग्रह किया कि मुख्यमंत्री एक बार यह फिल्म जरूर देखें.



राष्ट्रीय चेतना को दें महत्व

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनजागरूकता बढ़ाने में सिनेमा की बड़ी भूमिका है. फिल्मकारों को विषय चयन करते समय सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के विषयों को महत्व देना चाहिए. यूपी की फिल्म सिटी परियोजना वैश्विक मानकों के अनुरूप होगी, इसके साथ ही, नई फिल्म नीति तैयार की जा रही है. निर्माताओं की सुविधा के दृष्टिगत इसे सिंगल विंडो सिस्टम से भी जोड़ा गया है. इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने अक्षय कुमार को उत्तर प्रदेश आगमन का आमन्त्रण भी दिया.

Mumbai Edition
05-january-2023 Page No. 5
epaper.enavabharat.com